# कार्यालय– जिला कार्यक्रम अधिकारी, बिजनौर।

पत्रांक C-487 /जि0का0अ0/आं0बा0चयन विज्ञप्ति/2026–27/ दिनांकः– 24-06-2026

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है शासनादेश सं0–2025/3313/58–1–2025(1917687), दिनांकः 17 सितम्बर2025 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद बिजनौर के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रियों के तहत विभागीय बेब साइट **http://upanganwadibharti.in** पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्त पदों का वार्डवार/परियोजनावार विवरण निम्नवत है।

| क्र0सं0 | परियोजना का नाम | ग्रामीण /शहरी | आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदो की संख्या | आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदो की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | शहर बिजनौर | शहरी | 5 | 28 |
| 2 | मौ0पुर देवमल | ग्रामीण | 16 | 15 |
| 3 | हल्दौर | ग्रामीण | 9 | 21 |
| 4 | खारी झालू | ग्रामीण | 21 | 20 |
| 5 | जलीलपुर | ग्रामीण | 34 | 23 |
| 6 | नूरपुर | ग्रामीण | 31 | 13 |
| 7 | अफजलगढ़ | ग्रामीण | 18 | 22 |
| 8 | स्योहारा | ग्रामीण | 19 | 12 |
| 9 | धामपुर | ग्रामीण | 24 | 30 |
| 10 | नहटौर | ग्रामीण | 15 | 12 |
| 11 | किरतपुर | ग्रामीण | 10 | 13 |
| 12 | नजीबाबाद | ग्रामीण | 39 | 31 |
| 13 | कोतवाली | ग्रामीण | 27 | 20 |
| कुल योग | | | 268 | 260 |

उपरोक्त पदों का ग्राम सभा/ वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील, एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है साथ ही विभागीय वेबसाइट **http://upanganwadibharti.in** पर अपलोड है।

<u>विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देशः–</u>

1– विज्ञप्ति पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होगीं।

2– रिक्त पदों आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं आंगनबाड़ी सहायिका हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट या समकक्ष एवं अधिकतम शैक्षिक योग्यता परास्नातक के आधार पर मेरिट तैयार की जायेगी। इसी प्रकार ग्रेडिंग एवं सीजीपीए पद्धति में प्राप्त अंक भी आगणित किये जायेंगें। मेरिट सूची तैयार करने में दशमलव के तीन अंकों तक गणना की जायेगी। दशमलव के बाद के किसी भी अंक को पूर्णाकिंत नहीं किया जायेगा। यदि एक से अधिक अभ्यर्थी समान अंक प्राप्त करते है तो अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जायेगी। यदि एक से अधिक अभ्यर्थियों के अंक व आयु भी समान हो तो अधिक शैक्षिक योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जायेगी।

3– शासनादेश सं0–2025/3313/58–1–2025(1917687), दिनांकः 17 सितम्बर 2025 के अनुसार आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं आंगनबाड़ी सहायिका के चयन में वरीयता क्रमशः उसी ग्राम सभा की निवासी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली विधवा/परित्यक्ता/तलाकशुदा महिला को है, यदि इनमें से कोई पात्र महिला द्वारा आवेदन नहीं किया जाता है तो उसी ग्राम सभा की निवासी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली परिवार की महिला (बी0पी0एल0) को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी, यदि इस प्रकार की पात्र महिला नहीं मिलती है तो गरीबी रेखा से ऊपर जीवन यापन करने वाली विधवा/परित्यक्ता/तलाकशुदा महिला को प्राथमिकता दी जायेगी, यदि ऐसी कोई पात्र महिला आवेदन नहीं करती है तो उसी ग्रामसभा की सामान्य महिला को सर्वाधिक मेरिट के आधार पर प्राथमिकता प्रदान की जायेगी।

4– विधवा हेतु ग्राम पंचायत अधिकारी/सम्बन्धित नगर निकाय द्वारा निर्गत मृत्यु प्रमाण–पत्र एवं परिवार पंजिका की प्रमाणित नकल मान्य होंगी एवं तलाकशुदा/परित्यक्ता के संबंध में मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत विधिक आदेश मान्य होंगे।

5– आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड/ग्राम सभा को स्थाई निवासी एवं ग्राम सभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में संबंधित न्याय पंचायत मे से उपरोक्तानुसार श्रेणीवार चयन किया जायेगा।

6– आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध फॉर्मेट पर ऑनलाइन व सही–सही सावधानी पूर्वक भरे जायेंगे। आवेदिका द्वारा अभिलेखों की स्व–हस्ताक्षरित प्रति जो स्वच्छ व पठनीय हो, अपलोड की जायेगी, जिनका उल्लेख उनके द्वारा ऑनलाइन फार्म

में किया गया होगा। कोई भी आवेदन या अभिलेख/प्रपत्र ऑफलाइन या डाक द्वारा मान्य नहीं होंगे। यदि आवेदन करने में कोई त्रुटि होती है या कोई तथ्य/आंकड़े/शैक्षिक अभिलेखों के प्राप्तांक/पूर्णांक गलत या कूटरचित पाए जाएंगे, तो अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

7— आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ तिथि 01.01.2026 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

8— विज्ञप्ति पदों हेतु केवल विभागीय बेवसाइट **http://upanganwadibharti.in** पर ऑनलाइन आवेदन पर फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार्य होंगे। ऑफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य/स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

9— विज्ञप्ति पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि15.07.2026 मध्य रात्रि 12:00 बजे तक होगी।

10— रिक्त पदो की संख्या धट–बढ सकती है। रिक्त पदो पर किसी भी प्रकार की भर्ती करने या न करने का अंतिम निर्णय चयन समिति के निर्णय के आधीन होगा।

11— उपरोक्त विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट **http://upanganwadibharti.in** उपलब्ध है साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से कार्यालयदिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

25/6/2026

(विमल कुमार चौबे)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
बिजनौर।

पृष्ठॉकन संख्या /तद् दिनांक।

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1— निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ0 प्र0 लखनऊ।

2— जिलाधिकारी, महोदय, बिजनौर।

3— मुख्य विकास अधिकारी, महोदय, बिजनौर।

4— समस्त उप जिलाधिकारी, महोदय, जनपद बिजनौर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि विज्ञप्ति की प्रति तहसील कार्यालय के सूचना पट पर चस्पा कराने का कष्ट करें।

5— समस्त, सदस्यगण चयन समिति, बिजनौर।

6— समस्त खण्ड विकास अधिकारी, बिजनौर को इस आशय से प्रेषित है कि विज्ञप्ति की प्रति विकास खण्ड कार्यालय के सूचना पट पर चस्पा कराने का कष्ट करें।

7— समस्त, बाल विकास परियोजना अधिकारी/प्रभारी बिजनौर को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि सूचना/विज्ञप्ति को परियोजना कार्यालय के सूचना पट पर चस्पा करना सुनिश्चित करें।

8— जिला सूचना अधिकारी, बिजनौर को इस आशय से प्रषित है कि उक्त विज्ञापन/विज्ञप्ति को न्यूनतम् स्पेस मे शासकीय दरो पर दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान एवं सांध्य दैनिक समाचार पत्र चिंगारी के अंक में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
बिजनौर।